पत्रांक–भवन / स्था0–02ए–विविध–01 / 2026......4021 (भ)

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

अवधेश नंदन सिन्हा,
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

ई–मेल

सभी मुख्य अभियंता(विद्युत सहित), भवन निर्माण विभाग,
सभी अधीक्षण अभियंता(विद्युत सहित), भवन निर्माण विभाग,
सभी कार्यपालक अभियंता(विद्युत सहित), भवन निर्माण विभाग,
महाप्रबंधक(प्रशासन), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना।

पटना दिनांक– 5/5/26

विषयः– बिहार राज्य में अगामी 05 वर्षों (2025–30) की अवधि में कुल (01) एक करोड़ नई नौकरी/रोजगार सृजन से संबंधित कार्य योजना प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग का पत्रांक–90 दिनांक–20.01.2026 तथा विभागीय पत्रांक–878 दिनांक–27.01.2026, पत्रांक–1218 दिनांक–05.02.2026, पत्रांक–1662 दिनांक–16.02.2026, पत्रांक–2214 दिनांक–06.03.2026 एवं पत्रांक–2678(भ) दिनांक–18.03.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र का संदर्भ करना चाहेंगे। बिहार राज्य में अगामी 05 वर्षों (2025–30) की अवधि में कुल (01) एक करोड़ नई नौकरी/रोजगार सृजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त के क्रम में नई नौकरी/रोजगार सृजन का लक्ष्य प्राप्त करने के संबंध में विभाग स्तर पर नौकरी/रोजगार सृजन संबंधी कार्य–योजना का समेकित प्रतिवेदन युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग को उपलब्ध कराया जाना है।

उक्त के क्रम में दिनांक–30.04.2026 को आहूत समीक्षात्मक बैठक में सचिव, युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के द्वारा इस आशय का निदेश दिया गया है कि विभाग के अन्तर्गत जितने भी योजना/गैर योजना मद् में कार्यों का क्रियान्वयन किया जा रहा है, के अन्तर्गत कुल कितने कार्य बल **(Man Power)** कार्य कर रहे है, के संबंध में निम्नांकित प्रपत्र में सूचना उपलब्ध करायी जाएः–

| क्र0.सं0 | योजना/गैर योजना मद का नाम | वर्तमान में कार्यरत बलों की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | | |
| | | | |

अतएव अनुरोध है कि पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर प्रतिवेदन निश्चित रूप से उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

**इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।**

विश्वासभाजन,

04.05.26

(अवधेश नंदन सिन्हा)
सरकार के संयुक्त सचिव।